# सोनभद्र पुलिस

## प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक- 12.09.2026**

- **थाना कोन पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अन्तर्जनपदीय 02 गोतस्कर गिरफ्तार**
- **02 पिकअप वाहनों से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 07 गोवंश बरामद**

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र **श्री अभिषेक वर्मा** के निर्देशन में गोतस्करी अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय **श्री अनिल कुमार** एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा **श्री प्रभात राय** के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोन पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई। आज दिनांक 12.09.2026 को समय करीब 12:25 बजे थाना कोन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत **रामगढ़ बाजार में चेकिंग** के दौरान **02 पिकअप वाहनों से 07 गोवंश** (06 गाय एवं 01 बछड़ा) को क्रूरतापूर्वक ले जाते हुए **02 अन्तर्जनपदीय गोतस्करों** को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 पिकअप वाहन एवं 07 गोवंश बरामद किए गए। उक्त संबंध में **थाना कोन पर मु0अ0सं0-154/2026, धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम** के तहत अभियोग पंजीकृत कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि प्रयागराज के ग्रामीण क्षेत्र **भिदिउरा से गोवंशों को औने-पौने दामों** में खरीदकर भदोही-मीरजापुर होते हुए सोनभद्र के तेलगुड़वा रास्ते **से गढ़वा, झारखण्ड ले जाकर अच्छे दामों** में बेच देते हैं। पुलिस की पकड़ से बचने के लिए उनके द्वारा **रास्ते बदल-बदलकर गोवंशों** को ले जाया जाता है।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. **बृजेश कुमार पुत्र शिव शंकर गौतम,** निवासी मुजेहरा कला, थाना चिल्ह, जनपद मीरजापुर उम्र करीब 24 वर्ष।
2. **संदीप राम पुत्र मंगरु राम, निवासी रजमला,** थाना कोईरौना, जनपद संत रविदास नगर (भदोही) उम्र करीब 21 वर्ष।

### बृजेश कुमार का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-65/2024, धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम, थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र।

### बरामदगी का विवरण-

☐ 07 गोवंश (06 गाय एवं 01 बछड़ा)
☐ 02 अदद पिकअप वाहन (टाटा)

### गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 अखिलेश कुमार मिश्र, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।
2. उ0नि0 रमाकान्त पाल, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।
3. हे0का0 सुरेश कुमार, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।
4. हे0का0 अभिषेक यादव, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।
5. का0 अभिषेक सिंह, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।